कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

सत्यमेव जयते

संख्या : ए-49/16/5/2024-रा.भा., दिनांक : 2024

सेवा में,

- बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, क.रा.बी. निगम ।
- सभी अपर आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम ।
- सभी निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक, उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम।
- निदेशक (चिकित्सा), निदेशालय (चिकित्सा), दिल्ली/नोएडा, क.रा.बी. निगम ।
- सभी चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल/आदर्श अस्पताल।
- सभी संकायाध्यक्ष/कार्यालय प्रमुख, क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय/दंत्य महाविद्यालय/ स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान ।

विषय:- राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह -2024 का आयोजन ।

महोदय/महोदया,

राजभाषा विभाग द्वारा जारी अर्धशासकीय पत्र दिनांक 28.08.2024 के अनुसार इस वर्ष दिनांक 14-15 सितंबर, 2024 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित किया जाएगा जिसमें निगम की सभी इकाइयों को अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करना अनिवार्य है जिसके लिए निर्देश पत्र संख्या ए-49/12/02/2010-रा.भा., दिनांक : 24.07.2024 द्वारा जारी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त निगम इकाइयों में दिनांक : 14 सितंबर से 29 सितंबर,2024 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जाए तथा सभी इकाइयों में राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह दिनांक : 29 सितंबर को रविवार होने के कारण दिनांक 30 सितंबर 2024 को आयोजित किया जाए।

अतः सभी इकाइयों से अनुरोध किया जाता है कि राजभाषा राजभाषा पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित करें:-

1. प्रत्येक पत्रादि के शीर्ष पर 'राजभाषा पखवाड़ा 2024' अवश्य अंकित किया जाए।

2. कार्यालय के मुख्य द्वार पर राजभाषा पखवाड़े का बैनर प्रदर्शित किया जाए। हिन्दी भाषा में कुछ प्रमुख सूक्तियों के कम कम 10 पोस्टर/बैनर/स्टैंडी अथवा एक-दो डिजिटल डिस्प्ले को अपनी इकाई के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएं।

3. पखवाड़े के दौरान मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्रतियोगिताएं दिनांक 16.09.2024 के बाद ही आयोजित की जाएं ।

4. विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिनांक : 30 सितंबर 2024 को पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किए जाएं।

5. पखवाड़े के दौरान इस प्रकार के आयोजन किए जाएं, जो अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी भाषा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करें। इसके अतिरिक्त कार्यक्रमों का यह भी उद्देश्य होना चाहिए कि हिन्दी में मौलिक कार्य जैसे टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार आदि को बढ़ाया जा सके ।

6. हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की दृष्टि से प्रचार सामग्री, हिन्दी पुस्तकें, शब्दावलियां, पत्रिकाएं, टिप्पण आदि के नमूने आदि प्रदर्शित किए जा सकते हैं ।

7. अधीनस्थ सभी शाखाओं तथा शाखा कार्यालयों को प्राय: प्रयोग होने वाली छोटी-छोटी नेमी टिप्पणियों की सूची उपलब्ध कराई जाए, जो उनके लिए टिप्पणियों आदि लिखने में सहायक हो सकें ।

8. इकाई प्रमुख द्वारा बैठक आयोजित की जाए जिसमें इकाई प्रमुख द्वारा कार्मिकों से हिन्दी में काम करने हेतु अपील की जाएं। हिन्दी के उत्तरोतर प्रयोग संबंधी निर्देशों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों पर बैठक में विचार-विमर्श किया जाए।

9. राजभाषा पखवाड़े के दौरान इकाइयों में एक कार्यशाला का आयोजन किया जा सकता है जिसमें हिन्दी टिप्प्ण/आलेखन, यूनिकोड, ई-टूल्स तथा राजभाषा संबंधी आवधिक रिपोर्टों के संबंध में कार्मिकों का आवश्यक जानकारी दी जाए।

10 सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (जिन्हें हिन्दी का ज्ञान है (प्रवीण/कार्यसाधक) द्वारा अपना कार्यालयीन कामकाज (टिप्पण-आलेखन आदि) हिन्दी में ही किया जाए।

11. अधिकाधिक टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार और प्रपत्र जैसे कार्य मूल रूप से हिन्दी में किए जाने पर बल दिया जाए ।

12. इस अवधि के दौरान प्रकाशित की जाने वाली गृह पत्रिकाओं को “राजभाषा विशेषांक” के रूप में प्रकाशित किया जाए।

13. समय-समय पर जारी किए गए राजभाषा नीति संबंधी अनुदेश कर्मचारियों को परिचालित किए जाएं ।

14. सरल हिन्दी के प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए।

15 आयोजन में यथासंभव सादगी बरती जाए।

16. राजभाषा पखवाड़ा तथा मुख्य समारोह/पुरस्कार वितरण समारोह की रिपोर्ट दिनांक 11.10.2024 तक अवश्य मुख्यालय भेजी जाए।

निगम की सभी इकाइयों से अपेक्षित है कि वे मुख्यालय द्वारा जारी उपर्युक्त निदेशों का अनुपालन करें।

कृपया इसकी पावती भेजी जाए ।

भवदीय,

Signed by Shyam Kumar
Date: 03-09-2024 15:34:45

(श्याम कुमार)

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि:-

- वेबसाइट सामग्री प्रबन्धक को इसे क.रा.बी. निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।

संयुक्त निदेशक (राजभाषा)